नयी दिल्ली 19 जून,2013

पावर अलर्ट

दिल्ली में बाढ़

बीएसईएस डिस्कॉम स्थिति को लगातार मॉनिटर कर रहा है

नागरिकों के सुरक्षा के मद्देनजर उठाये गये कदम

उत्तर भारत में भारी बारिश की चलते बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दिल्ली में यमुना नदी भी खतरे के निशान 203.83 मीटर को पार कर चुकी है। जिसकी वजह से नदी के निचले इलाकों और आसपास में बाढ़ के हालात पैदा हो गये है।

बीआरपीएल

दिल्ली सरकार की सलाह पर बीआरपीएल ने यमुना नदी के किनारे और समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले नागरिकों के घरो में बिजली की आपूर्ति को सस्पेंड कर दिया है और अगले नोटिस के जारी होने तक सस्पेंशन की प्रक्रिया को प्रभावी रखा जायेगा। ये पहल नागरिकों के सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है।

जिन इलाकों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी उनमें विश्कर्मा कालोनी, जैतपुर,धोबी घाट, मस्जिद् खल्लीलुलाह बाट्ला हाउस के समीप वाले इलाके शामिल है।

बीआरपीएल के नोडल ऑफिसर्स् 24 घंटे स्थिति को मॉनिटर कर रहे है। वे संबद्व एंजेसियों जिसमें जिला बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल प्रशासन भी शामिल है, के लगातार संर्पक में है।

बीवाईपीएल

बीवाईपीएल ने 500 मीटर के दायरे के अंर्तगत आने वाले डिस्ट्रिब्युशन नेटवर्क को जीआईएस के जरिये मैप किया है। यमुना नदी बीवाईपीएल के 8 डिवीजनों से होकर बहती है।

नागरिकों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यमुना नदी के निचले इलाके कों खाली करवाया जा चुका है। करावल नगर के बदरपुर खादर इलाकें में 82 बिजली के कनेक्शन को स्विच ऑफ करवा दिया गया है। यमुना विहार जिले में 172 कनेक्शनस् को स्विच ऑफ करवा दिया गया है जिसमें गढ़ी मांडु, उस्मानपुर, गुरुदारा नानकपुरा और बेला फार्म के इलाके शामिल है।

दिल्ली जल बोर्ड के निवेदन पर लक्ष्मीनगर और कृष्णानगर डिवीजनों मे दो– दो रेनी वेलस् के पावर कनेक्शन् को डिस्कनेक्ट कर दिया गया है।

इसके अलावा बीवाईपीएल के एक नोडल ऑफिसर और चार सदस्यीय टीम आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए बतौर शिफ्ट में जिला बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करेगी।